पत्र संख्या–पुर०–05 / 2021.....259................. / रा०

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

प्रेषक

सुमन कुमार,
निदेशक।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- 20.9.21

विषय:- हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार योजना 2020–21 के अधीन पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता के लिए बोधिवृक्ष की प्रतिकृति, ताम्रपत्र तथा पदक निर्माण हेतु निविदा का प्रकाशन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार योजना वर्ष 2020–21 के अधीन चयनित / स्वीकृत पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार राशि के अतिरिक्त प्रदान की जानेवाली सामग्री– बोधिवृक्ष, ताम्रपत्र एवं पदक निर्माण कराये जाने के लिए निविदा आमंत्रण संबंधी विज्ञापन हिन्दी के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

20/09/2021

( सुमन कुमार )
निदेशक

ज्ञाप संख्या-.........259........./रा०, पटना, दिनांक-.20.9.21

प्रतिलिपि:-प्रोग्रामर, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग को विभागीय वेबसाईट पर विज्ञापन की प्रति (संलग्न) को अपलोड करने हेतु दी जाती है।

20/09/2021

( सुमन कुमार )
निदेशक

\\Vivek\d\VIVEK 2021\Vijay Prakash Sinha\Pur-03-2021-22-(16-09-2021).doc

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग
बिहार, पटना

# निविदा आमंत्रण सूचना

मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना में पुरस्कार योजनाओं से संबधित बोधिवृक्ष, ताम्रपत्र एवं पदक निर्माण हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी संस्थानों से संबंधित नमूनों के साथ मुहरबंद निविदायें न्यूनतम दर पर सीलबंद लिफाफें में दिनांक–18.10.2021 के अपराह्न 5:00 बजे तक निदेशक राजभाषा के कार्यालय कक्ष में निविदा की शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 21.10.2021 को अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। इसमें निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भी भाग ले सकते हैं। ये निविदाएँ दो लिफाफा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के अधीन होंगी। तकनीकी निविदा में असफल निविदादाता की वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी। इस निविदा के नोडल पदाधिकारी अनिल कुमार लाल, उप निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग होंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि / समय | 18.10.2021 के 5:00 बजे अपराह्न |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि / समय | 21.10.2021 के 3:00 बजे अपराह्न |
| 3. | अर्नेस्ट मनी | 10,000 / – (दस हजार रुपये) |
| 4. | नोडल पदाधिकारी | अनिल कुमार लाल, उप निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग |

निविदा प्रपत्र मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग के website:- rajbhasha.bihar.gov.in पर उपलब्ध है तथा उसे डाउनलोड किया जा सकता है।

20/09/2021
(सुमन कुमार)
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा)
विभाग
बिहार, पटना

E:\पंकज (2021)\Om Prakash\Tender Notice-18-08-2021.docx

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

बिहार, पटना

## निविदा–प्रपत्र

1. मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना में पुरस्कार योजनाओं से संबंधित बोधिवृक्ष, ताम्रपत्र एवं पदक निर्माण हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी संस्थानों से नमूनों के साथ मुहरबंद निविदायें न्यूनतम दर पर सीलबंद लिफाफें में दिनांक–18.10.2021 के अपराह्न 5:00 बजे तक निदेशक राजभाषा के कार्यालय कक्ष में निविदा की शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक–21.10.2021 को अपराह्ल 3:00 बजे खोली जायेंगी। इसमें निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भी भाग ले सकते हैं। यह निविदा दो लिफाफा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के अधीन होंगी। तकनीकी निविदा में असफल निविदादाता की वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी। इस निविदा के नोडल पदाधिकारी अनिल कुमार लाल, उप निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग होंगे।

2. कार्य का विवरणः–

### बोधिवृक्ष का आकार–प्रकार

1. संख्या — 1 (एक)
2. आकार — 9" x 7"
3. यह प्रतिकृति त्रिआयामी होगी।
4. इसे टीक लकड़ी (रोजवुड फार्निसिंग) के दृढ़ आधार पर स्थापित होना चाहिए।
5. इसे तीन ओर काँच लगे अलंकृत शोकेस (अन्दर की ओर मखमली स्तर) में प्रस्तुत किया जाएगा।
6. स्टैंड पर सामने की ओर एनोडाइड प्लेट पर विभाग द्वारा दी गई सामग्री अंकित की जाएगी (हिन्दी में)।
7. वजन — 400 ग्राम चाँदी

### ताम्रपत्र का आकार–प्रकार

(जिस पर विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जानेवाली सामग्री को उत्कीर्ण किया जाना है)

1. संख्या — 15 (पन्द्रह)
2. आकार — 27 से.मी. X 31 से.मी.

ताम्रपत्र–केस पॉलिस कराकर अलग–अलग लकड़ी की सुसज्जित बक्सा में होगा। बक्सा में मखमल का अस्तर होगा।

### पदक का आकार–प्रकार

**(पदक पर बिहार सरकार का लोगो एवं विभाग द्वारा दी गयी सामग्री अंकित की जाएगी)**

1. संख्या — 14 (चौदह) (चाँदी का, सोने का पानी चढ़ा)

2. आकार वृत्ताकार

3. वजन 50 ग्राम चाँदी

4. गले में धारण करने हेतु पदक की घुण्डी में लाल फीता लगा होगा।

5. पदक पर बिहार सरकार का लोगो एवं विभाग द्वारा दी गई सामग्री अंकित की जाएगी।

3. **तकनीकी एवं वित्तीय निविदा की शर्तेः–**

(1) निविदादाता को कम से कम एक वर्ष तक का केन्द्र / राज्य सरकार / अर्द्धसरकारी संस्थान / निगम आदि में समान प्रकृति का कार्यानुभव होना अनिवार्य है।

(2) निविदादाता फर्म / संस्थान GST के अंतर्गत निबंधित होना चाहिए।

(3) निविदादाता निम्न कागजात की स्व अभिप्रमाणित प्रतियाँ क्रमानुसार निविदा के साथ संलग्न करेंगे:–

(i) दस हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट (अर्नेस्ट मनी) जो निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना के पक्ष में देय हो।

(ii) GST निबंधन की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति।

(iii) PAN Card की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति।

(iv) वित्तीय वर्ष 2019–20 तथा 2020–21 के लिए दाखिल किये गए आयकर विवरणी की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति।

(v) केन्द्र सरकार / राज्य सरकार / सरकारी उपक्रम / निगम या किसी भी अन्य संस्थान द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं होने का नोटरी शपथ–पत्र।

(vi) संस्थान द्वारा निविदा में दर्शायी गयी सभी शर्तों को स्वीकार करने से संबंधित स्वघोषणा पत्र।

(vii) सभी पृष्ठों पर संस्थान का मुहर एवं हस्ताक्षर होना चाहिए।

(4) निविदा एक बड़े सीलबंद लिफाफे के भीतर दो अन्य लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएँ अलग–अलग होंगी। लिफाफों के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा स्पष्ट रूप से अंकित रहेगा।

(5) निविदादाता सीलबंद लिफाफा इस तरह भेजेंगें कि प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय तक डाक प्राप्ति शाखा में निविदा प्राप्त हो जाय। इस हाथों–हाथ भी जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(6) विभाग के पास निविदा रद्द करने, नियम एवं शर्तों को बदलने एवं इस निविदा से संबंधित हर तरह के निर्णय लेने का सर्वाधिकार सुरक्षित है।

(7) किसी तरह के विवाद होने की स्थिति में विवाद का निपटारा पटना जिला स्थित न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा।

(8) निविदादाता निविदा डालने के संबंध में किसी बिन्दु पर नोडल पदाधिकारी से कार्यालय अवधि में व्यक्तिगत रूप से आकर Pre-Bid Meeting में भाग ले सकते है। Pre-Bid Meeting की तिथि राजभाषा निदेशालय के Website पर प्रदर्शित कर दी जायेगी।

(9) तकनीकी निविदा के खोले जाने के पश्चात ही सफल निविदादाता का वित्तीय निविदा खोला जायेगा।

(10) बोधिवृक्ष, ताम्रपत्र एवं पदक के निर्माण की सामग्री में गुणवत्ता एवं शुद्धता का पूरी तरह से अनुपालन किया जायेगा।

(11) सफल निविदादाता का न्यूनतम दर, निविदा खुलने की तिथि से अगले तीन महीनों के लिए मान्य होगी।

(12) आपूर्ति आदेश जारी होने के एक माह के भीतर आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी।

(13) आपूर्तिकर्त्ता को दिये गए समयसीमा के भीतर आपूर्ति करने के उपरांत उनके विपत्र का भुगतान 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर विभाग द्वारा कर दिया जायेगा।

(14) असफल निविदादाताओं की प्रतिपूर्ति की राशि एक सप्ताह के अंदर उन्हें वापस कर दी जायेगी। जबकि सफल निविदादाता की प्रतिपूर्ति की राशि अग्रधन के रूप में विभाग के पास सुरक्षित रखी जायेगी तथा उनके द्वारा सामग्री की आपूर्ति दिये जाने के उपरांत एक सप्ताह की समय–सीमा में वापस कर दी जायेगी।

20/09/2021
(सुमन कुमार)
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा)
विभाग
बिहार, पटना